वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 9 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

पद्मविभूषण स्व. श्री पी परमेश्वरन जी के देहावसान पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक स्वर्गीय श्री पी परमेश्वरन जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करती है। स्व. पी परमेश्वरन जी ने अपने बुद्धि कौशल से भारतीय जनमानस का सांस्कृतिक जागरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया है। उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित रहा। उनके विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान हेतु पद्मविभूषण तथा पद्मश्री जैसे सम्मानों से उन्हें सम्मानित किया गया।

स्वर्गीय श्री पी. परमेश्वरन जी ने 'भारतीय विचार केंद्रम - केरल' , 'विवेकानंद केंद्र - कन्याकुमारी', 'भारतीय जनसंघ', 'पंडित दीनदयाल शोध संस्थान' आदि संगठनों व संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्रहित में अपना अमूल्य योगदान दिया तथा विचारक, लेखक के रूप में उन्होंने भारतीय जनमानस को अनेक महत्वपूर्ण पक्षों से अवगत कराया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस. सुबैय्या, राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी, राष्ट्रीय संगठनमंत्री श्री आशीष चौहान, पूर्व राष्ट्रीय संगठनमंत्री श्री सुनील आंबेकर, पूर्व राष्ट्रीय सह संगठनमंत्री श्री के. एन रघुनंदन ने स्व. पी परमेश्वरन जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)